जल उत्सव 2023

छात्रों को वर्षाजल संरक्षण अभियान में शामिल होने के लिए आमंत्रण

जल-उत्सव-पूर्व गतिविधियाँ

5 से 20 जुलाई 2023 के बीच

- जिस कॉलोनी में आप रहते हैं, वहां के आस–पास के 5 से 10 घरों का सर्वेक्षण करें और तस्वीरों के साथ बताएं कि उन घरों के छत पर पड़ने वाला वर्षा जल किस तरह से बाहर निकलता है और कहाँ जाता है। इसपर एक रिपोर्ट तैयार करें।
- किसी ऐसे संगठन/घर/अपार्टमेंट की कहानी लिखें जहां वर्षा जल संचयन (**Rain Water Harvesting**) प्रणाली अपनाई जा रही है, तस्वीरों के साथ इसपर एक रिपोर्ट तैयार करें।
- वर्षा जल संरक्षण पर एक प्रश्नावली तैयार करें और लोगों से जानकारी एकत्र करें। प्रश्नों की संख्या 10 से 15 हो सकती है।
- अपने इलाके के समुदाय के लोगों को **Rooftop Rainwater Harvesting** (**RWH)** अथार्त छत पर पड़ने वाले वर्षा जल के संचयन के बारे में जागरूक करने के लिए उनके साथ बैठकें/चर्चाएं आयोजित करें और उस इलाके में **RWH** को लागू करने के लिए एक रणनीति तैयार करें। इसपर एक रिपोर्ट बनाएं।
- उन संस्थानों/प्रतिष्ठानों/कारखानों/अस्पतालों आदि पर एक रिपोर्ट तैयार करें जहां छत पर पड़ने वाले वर्षा जल का संचयन का चलन है। ऐसे प्रतिष्ठानों का दौरा करें और तस्वीरों के साथ एक रिपोर्ट बनाएं।
- रांची शहर में **RWH** की सफलता की कहानियों जो पूर्व में अखबारों व् अन्य पत्रिकाओं में प्रकशित हुई हो तो उसकी एक चचज प्रस्तुति तैयार करें।
- **RWH** पर साउंड ट्रैक, लोगों की आवाज, प्रतिक्रियाएं, लघु वीडियो तैयार करें।
- पानी के उपयोग के तरीकों, पानी के अतिप्रवाह, पानी के दुरुपयोग और इसी तरह के विषयों की डिजिटल तस्वीरें फोटो गैलरी में प्रदर्शित करने के लिए एक प्रिंट कॉपी के साथ कैप्शन/वर्णन के साथ भेजें जिसपर लिए गये तस्वीर की जगह, तिथि और समय का उल्लेख हो।

प्री-फेस्ट गतिविधियों को पूरा करने के बाद, आपको एक स्थान / हॉल में आमंत्रित किया जाएगा जहां आप अपना प्रोजेक्ट प्रदर्शित और प्रस्तुत करेंगे। फेस्ट में जो कुछ देखा जा सकता है वह इस प्रकार है:

- वर्षाजल से सम्बंधित सूचना एवं ज्ञान गैलरी
- फिल्म शो, स्लाइड शो और AV शो
- RWH किट और मॉडल का प्रदर्शन।
- छात्रों द्वारा किये गये अध्ययन रिपोर्ट की प्रस्तुति
- छात्रों के लिए प्रश्नोत्तरी, खेल और गतिविधियाँ
- RWH पर गीत एवं संगीत सत्र

सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिये जायेंगे।

आप रिर्पोट एवं ppts को निम्न ईमल या whatsapp पर भेजें।

9431772299

E-mail ID: rohiniscienceclub@gmail.com

Contact Point: 9431772299 | website: www.rohiniscienceclub.org